भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या :182
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 02 दिसंबर, 2019
11 अग्रहायण, 1941 (शक)

पुराने मंदिरों का पुनरुद्धार

***182. श्री गुमान सिंह दामोर:**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पुराने मंदिरों के पुनरुद्धार के लिए सरकार की क्या योजना है;

(ख) क्या सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के रतलाम में सौ वर्षों से अधिक पुराने 500 से अधिक मंदिरों को उक्त योजना में सम्मिलित किये जाने की संभावना है;

(ग) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि प्रदान की जायेगी तथा पुनरुद्धार का कार्य किस विभाग के माध्यम से कराया जायेगा; और

(घ) क्या रतलाम में जनजातीय समुदाय की संस्कृति, जिस पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है, को जीवंत रखने के लिए किसी जनजातीय संग्रहालय के निर्माण हेतु धनराशि प्रदान किये जाने की संभावना है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है |

लोक सभा में दिनांक 02.12.2019 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 182 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) : देश में पुराने मंदिरों सहित संरक्षित स्मारकों का संरक्षण कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा विभिन्न स्थलों की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार नियमित आधार पर किया जाता है और वे भली-भांति परिरक्षित हैं |

(ख) और (ग) : फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है |

(घ) : फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है |